नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# मप्र से 76 हजार करोड़ का निर्यात

- सीएम डॉ. यादव ने किया गोदरेज की चौथी यूनिट का शुभारंभ
- कंपनी ने यहां 450 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर/भिंड, 26 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की चौथी नई यूनिट का शुभारंभ किया.**

कंपनी ने यहां 450 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चौतरफा विकास के चलते मप्र की विदेशी निर्यात क्षमता बढ़कर अब 76 हजार करोड़ हो चुकी है. उन्होंने कहा कि अतीत में भिंड ने खराब पक्ष भी देखा है. लेकिन आज ये पूरा अंचल बदल गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश-देश बदल रहा है. भिंड तो पूरी तरह एक अलग ही प्रकार का क्षेत्र है. यहां तो हनुमान जी भी डॉक्टर के रूप में रहते हैं. उन्होंने कहा कि आज इस चंबल की भूमि उपजाऊ भी है, टिकाऊ भी है और कमाऊ भी है. दो महीने से भी कम समय में प्रदेश में खुलने वाली यह तीसरी यूनिट है.

इससे पहले 1500 करोड़ का गुना सीमेंट प्लांट और 3500 करोड़ का शिवपुरी प्लांट स्थापित हो चुके हैं. सीएम डॉ. यादव ने कहा कि हमने केवल एमओयू नहीं किए, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारा है.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं 8-10 महीने पहले यहां आया था. उस वक्त भी मैंने 1500 करोड़ की लागत के एलिक्सर इंडस्ट्रीज के प्लांट का भूमि-पूजन किया था. इसका लोकार्पण भी हम जल्दी करेंगे. उद्योग और निवेश के क्षेत्र के लिए, युवाओं के लिए, राज्य की समृद्धि के लिए प्रदेश केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है. उन्होंने कहा कि जितने भी एमओयू होते हैं उसका दस फीसदी ही धरातल पर उतरता है. लेकिन, मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जहां 30 फीसदी से ज्यादा निवेश धरातल पर उतरा है. 10 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश अलग-अलग तरीके से मूर्त रूप ले रहा है.

■ इंदौर में ट्रायल पर निकली कार का कोहराम ■ पांच वाहनों को मारी टक्कर ■ पांच घायल

# 90 की रफ्तार से इनोवा का कहर




नव भारत न्यूज

**इंदौर, 26 अगस्त. राऊ थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर तेज रफ्तार इनोवा ने श्रमिक कॉलोनी के सामने चार दोपहिया वाहनों और एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी. हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं. इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. पुलिस ने कार जब्त कर चालक अमन मालवीय को हिरासत में लिया है.**

इनोवा करीब 80 से 90 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आ रही थी. चालक ने पहले एक एक्टिवा को टक्कर मारी और इसके बाद तीन बाइक को चपेट में ले लिया. इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर सड़क के दूसरी तरफ जाकर पलट गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहिया वाहनों को टक्कर मारने के बाद चालक ने कार आगे बढ़ाने की कोशिश की. इस दौरान कुछ घायल करीब 200 फीट तक कार के साथ घिसटते चले गए. हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की. घायलों में राजपाल सिंह, भगत सिंह, पवन, मुस्तफा सहित एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं. तीन एक्टिवा सवार, एक बाइक सवार और ट्रैक्टर सवार के घायल होने की जानकारी सामने आई है. सभी को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया है. एक घायल का यूनीक अस्पताल में उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है. घायल मुस्तफा बिजलपुर के रहने वाले हैं. उनके बेटे की दो दिन बाद सगाई है और वह कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे थे. हादसे के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया. फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. केसरबाग रोड पर अमन मालवीय का कार गैराज है. पिगडंबर निवासी देवेंद्र जोशी की इनोवा सर्विसिंग और रिपेयरिंग के लिए गैराज पर आई थी. अमन कार का ट्रायल लेने और उसे मालिक को लौटाने के लिए निकला था. इसी दौरान श्रमिक कॉलोनी के सामने हादसा हो गया. मामले में एसीपी गांधी नगर निधि सक्सेना ने नवभारत को बताया कि हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं.

> एंबुलेंस नहीं मिली तो पुलिस ने एफआरवी से पहुंचाया अस्पताल
> हादसे की सूचना मिलते ही एसीपी गांधीनगर निधि सक्सेना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं. एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर पुलिस ने डायल 112 के एफआरवी वाहन की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया. पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की.



# चैन छीनेगी महंगाई

- महंगाई को लेकर आरबीआई ने किया अलर्ट
- सब्जी-दाल ही नहीं पूरी इकोनॉमी होगी प्रभावित

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली, 26 अगस्त. रसोई में भड़की महंगाई से परेशान आम लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है. महंगाई दायरा रसोई से बाहर निकलकर अब जरूरत की हर वस्तु तक पहुंचेगा. जो लोगों का चैन छीनने वाला साबित हो सकता है.**

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने मासिक बुलेटिन में अगस्त महीने के दौरान दूसरी बार कीमतों से जुड़े जोखिम की गंभीर चेतावनी दी है. आरबीआई के अनुसार, सामान्य से कम मॉनसून, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और वैश्विक व्यापार में अनिश्चितताएं इकोनॉमिक ग्रोथ और महंगाई को लेकर जोखिम पैदा कर रहे हैं. केंद्रीय बैंक ने आगाह किया है कि खाने-पीने की चीजों से लेकर ईंधन और दूसरे सामानों के इनपुट कॉस्ट में बढ़ोतरी के चलते देश में व्यापक स्तर पर महंगाई फिर से भड़क सकती है.

**चीनी ने घोली कड़वाहट**

महंगाई पर खाने-पीने की चीजों का दबाव बना हुआ है. जुलाई में भी इसी के चलते हेडलाइन सीपीआई महंगाई हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी. डेटा से पता चलता है कि खाने-पीने की चीजों की कीमतें हर महीने के हिसाब से लगातार बढ़ रही हैं. चावल, गेहूं, खाने के तेल, दाल इन सभी की कीमतों में कम-ज्यादा बढ़ोतरी लगातार देखी जा रही है. वहीं, कोर महंगाई स्थिर है.

| वस्तु | 20 मई कीमत | 24 अगस्त कीमत | कुल बढ़ोतरी | % बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|---|
| प्याज | 25.59 रु. | 43.53 रु. | 17.94 रु. | 70.11% |
| चीनी | 46.65 रु. | 63.05 रु. | 16.40 रु. | 35.16% |
| लहसुन | 37.42 रु. | 44.42 रु. | 7.00 रु. | 18.71% |
| बैंगन | 40.18 रु. | 43.46 रु. | 3.28 रु. | 8.16% |
| आलू | 21.01 रु. | 22.97 रु. | 1.96 रु. | 9.33% |
| चावल | 43.24 रु. | 46.05 रु. | 2.81 रु. | 6.50% |
| सरसों तेल | 189.43 रु. | 200.01 रु. | 10.78 रु. | 5.69% |
| टमाटर | 36.91 रु. | 38.51 रु. | 1.60 रु. | 4.33% |
| उड़द दाल | 118.21 रु. | 122.36 रु. | 4.15 रु. | 3.51% |
| सोया तेल | 159.89 रु. | 165.02 रु. | 5.13 रु. | 3.21% |

(वस्तुओं की कीमत औसत)

# फूड पॉइजनिंग से 3 बच्चियों की मौत



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 26 अगस्त. संदिग्ध फूड पॉइजनिंग के चलते एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत का मामला सामने आया है. मृतकों में 10 वर्षीय आशी, 8 वर्षीय विशुका और 6 वर्षीय विधि शामिल हैं.**

परिवार मूल रूप से रायपुर का रहने वाला है और वर्तमान में इंदौर के बेटमा क्षेत्र में रह रहा था. पुलिस के अनुसार परसों रात परिवार ने एक साथ खाना खाया था. इसके बाद दो बच्चियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई. परिजन उन्हें इंदौर के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां दोनों की मौत हो गई. इसके बाद परिजन दोनों बच्चियों के शव एंबुलेंस से रायपुर ले जा रहे थे.

रास्ते में इटारसी के पास तीसरी बच्ची आशी की तबीयत बिगड़ गई. उसे सुखतवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किए जाने के बाद शाम करीब छह बजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल इटारसी लाया गया. ऑन-ड्यूटी चिकित्सक डॉ. प्रियंक मिश्रा के अनुसार बच्ची बेहोशी की हालत में थी और लगातार उल्टियां होने की जानकारी परिजनों ने दी थी. शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने तत्काल उपचार शुरू किया, लेकिन करीब 45 मिनट से एक घंटे के भीतर उसकी मौत हो गई. प्रथम दृष्टया पुलिस फूड पॉइजनिंग की आशंका जता रही है, लेकिन मौत का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है. घटना का मूल स्थल बेटमा होने के कारण इटारसी पुलिस जीरो पर मर्ग कायम कर रही है. पोस्टमार्टम के बाद डायरी आगे की जांच के लिए बेटमा पुलिस को भेजी जाएगी.

**इनका कहना है...**

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार एंबुलेंस में पहले से दो बच्चियों के शव होने की जानकारी परिजनों ने अस्पताल पहुंचने के समय नहीं दी थी. बाद में अन्य माध्यम से इसकी जानकारी मिली. मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है.

# कृषि विभाग के भर्ती मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

- ईडब्ल्यूएस की सीट कटौती पर हाईकोर्ट सख्त
- अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी

**जबलपुर, 26 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने कृषि विभाग की भर्ती प्रक्रिया में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की सीटों में अचानक की गई कटौती के मामले को गंभीरता से लिया है.**

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित 444 ईडब्ल्यूएस सीटों को आवेदन की अंतिम तिथि के दिन घटाकर मात्र 37 किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर न्यायालय ने कृषि विभाग से जवाब मांगा है. दरअसल यह मामला याचिकाकर्ता नर्मदापुरम निवासी मोहित सिंह परमार की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता अमित कुमार पांडे ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि कृषि विभाग ने भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 444 सीटें निर्धारित की थीं. आवेदन की अंतिम तिथि 17 जुलाई 2026 को शाम के समय इन सीटों की संख्या अचानक घटाकर 37 कर दी गई.

# पूरे देश को जोड़ने वाला रेल जंक्शन बदहाल

## इटारसी स्टेशन की संकरी सीढ़ियों में फंसी यात्रियों की सुरक्षा



पुनीत दुबे

**इटारसी, 26 अगस्त. मध्यप्रदेश के व्यस्ततम रेलवे जंक्शनों में शामिल इटारसी स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 की यात्री व्यवस्था सवालों के घेरे में है. नए फुट ओवरब्रिज की करीब 1.5 मीटर चौड़ी सीढ़ियों के कारण यात्रियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है.**

पुराने फुट ओवरब्रिज के बंद होने के बाद प्लेटफार्म 2 और 3 पर पहुंचने तथा बाहर निकलने के लिए यात्रियों के पास यही प्रमुख रास्ता बचा है. ऐसे में ट्रेनों के एक साथ आने पर सीढ़ियों पर यात्रियों का दबाव बढ़ जाता है. स्टेशन पर एक साथ दो या अधिक ट्रेनों के आने पर उतरने वाले और प्लेटफार्म पर पहुंचने वाले यात्रियों की भीड़ एक ही सीढ़ियों पर जमा हो जाती है. इससे भगदड़ जैसी स्थिति बनने की आशंका बनी रहती है. सामान्य दिनों में ही यह समस्या सामने आती है, जबकि त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ने पर स्थिति और गंभीर होने की आशंका है. भीड़ प्रबंधन में लगे कर्मचारियों को भी सीमित जगह के कारण यात्रियों की आवाजाही नियंत्रित करने में कठिनाई होती है.

**पुराने ओवरब्रिज को बंद करने पर सवाल**

स्थानीय स्तर पर यह सुझाव भी सामने आया है कि यदि पुराने फुट ओवरब्रिज को बंद नहीं किया जाता तो यात्रियों की आवाजाही अधिक सुगम रहती और नए ब्रिज की संकरी सीढ़ियों पर दबाव कम पड़ता. रेलवे प्रशासन से यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्थायी समाधान की मांग की जा रही है.

**एक नजर में**

## फरार पशु तस्कर महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**पांढुरना.** मवेशियों को क्रूरता पूर्वक पिकअप वाहन में लादकर महाराष्ट्र के कत्लखाने जा रहे वाहन को ग्रामीणों ने 28 जुलाई की रात्रि ग्राम सिराठा और गोरलिखापा के बीच पकड़ा था, लेकिन इस दौरान ग्रामीणों का चकमा देकर भागने वाले वाहन चालक कालु शाह को पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद अंत-बीते रात्रि महाराष्ट्र के वरूड़ से पकडकर पुलिस द्वारा इसे आज बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां इसकी जमानत रद्द होने पर इसे जेल भेजा गया.

# घर बैठे कमाई का झांसा देकर युवक से 37 लाख की ठगी

**जबलपुर, 26 अगस्त. अधारताल थाना अंतर्गत अमखेरा में रहने वाले एक युवक को साइबर अपराधियों ने वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन टास्क के जाल में फंसाया.**

सीक्रेट एस्केप्स ऐप पर होटल रेटिंग का झांसा देकर 37, 00, 423 रुपये का चूना लगा दिया. शातिर ठग ने पीड़ित को अपने चंगुल में लिया कि उसने खुद की जमा-पूंजी तो गंवाई ही, साथ ही अपनी पत्नी, दोस्तों और परिचितों के खातों से भी पैसे उधार लेकर अपराधियों के हवाले कर दिए. जागृतिनगर, अमखेरा निवासी विक्रांत साहू 29 वर्षीय का विक्की साहू के नाम से टेलीग्राम और व्हाट्सएप चलाता है. उसका मुख्य बैंक खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मिलौनीगंज शाखा में है. उसके टेलीग्राम पर आए मैसेज में कहा गया कि आपको कुछ नहीं करना है, बस घर बैठे हमारे ऐप पर होटलों को ऑनलाइन रेटिंग देनी है, जिससे आपको मोटा कमीशन मिलेगा. विक्रांत को अपने जाल में फंसाने के लिए एक सोची-समझी स्क्रिप्ट पर काम किया. शुरुआती रेटिंग टास्क पूरा करने पर विक्रांत के खाते में 1, 024 का असली मुनाफा भेजा गया.

# बुजुर्ग दंपति 97 दिन डिजिटल अरेस्ट

## देश में पहली घटना : जालसाजों ने की 22 लाख रुपए की ठगी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 26 अगस्त. कोलार इलाके में रहने वाले साइबर जालसाजों ने एक बुजुर्ग दंपति को करीब 97 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा. पुलिस के अनुसार इतने दिनों तक अरेस्ट करके रखने की यह देश में पहली घटना है. जालसाजों ने ब्लैकमेल कर पीड़ित परिवार से 22 लाख रूपये की ठगी की. ठगी का एहसास होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई.**

पलनाडू आंध्र प्रदेश के मूल निवासी 65 वर्षीय सुवर्णा लक्ष्मी अपने पति नरसिम्हा राव और एक बेटी के साथ भोपाल के कृष्णा काम्प्लेक्स बीमा कुंज में रहती हैं.

19 मई को सुवर्णा और उनका परिवार जब आंध्र प्रदेश में था. उस दौरान उनके मोबाइल में एक अंजान नंबर से फोन पर वीडियो काल आया. कालर ने खुद को पुलिस स्टेशन दरियागंज दिल्ली से पुलिस अधिकारी बताते हुए सुवर्णा से कहा कि उनके दिल्ली के एक बैंक खाते से करोड़ो का लेने देन किया गया है. साथ ही कहा कि वे और उनके पति नरेश गोयल के केस में फंसे है. इसके बाद 9 जून तक कई बाद वीडियो कॉल आए और अंततः सुवर्णा को पूरी सम्पत्ति सीज करने की फर्जी जानकारी देते हुए तुरंत ही 22 लाख रुपए एक बैंक के खाते में भेजने कहा गया. जिससे घबराकर राव दंपति 11 जून को भोपाल आकर जेवर गिरवी रख 22 लाख खाते में जमा कर दिए. सुवर्णा का आरोप है कि जालसाजों ने उन्हें 23 अगस्त तक डिजिटल रखा. बाद में ठगी का एहसास होने पर केस दर्ज करवाया गया. पुलिस अब मामले की विस्तृत जांच कर रही है.

## पांच साल बाद भी आरोप पत्र दाखिल नहीं

# ईओडब्ल्यू से हाईकोर्ट नाराज

**जबलपुर, 26 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट ने रायसेन जिले की वर्ष 2013 की साइकिल वितरण योजना से जुड़े कथित अनियमितता मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की है.**

जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने पूछा है कि जब दो दिसंबर 2021 को अभियोजन की मंजूरी मिल चुकी थी, तो वर्ष 2026 तक आरोप पत्र दाखिल क्यों नहीं किया गया. युगलपीठ ने ईओडब्ल्यू के महानिदेशक से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है. दरअसल मामले में बरेली तहसील की सहायक शिक्षक सीमा धाकड़ और उमराव धाकड़ ने ईओडब्ल्यू की ओर से दर्ज प्राथमिकी को चुनौती दी है. याचिकाकर्ताओं के अनुसार वर्ष 2013 में छात्रों को साइकिल वितरण के लिए उनके खातों में राशि आई थी. संबंधित प्राचार्य ने राशि निकालकर लाभार्थियों को नकद दे दी थी. बाद में ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू की. सुनवाई दौरान बताया गया कि अन्य सह-आरोपियों का विचारण आठ अगस्त 2023 को समाप्त हो चुका है.

**सिसायत** आधा-अधूरा राष्ट्रगीत गाने पर कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश होगा, राहुल गांधी भी रहेंगे निशाने पर

# वंदेमातरम्, महिला आरक्षण पर आक्रामक होगी भाजपा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 अगस्त. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की ओरछा में होने वाली दो दिवसीय बैठक के लिए भाजपा के रणनीतिकारों ने आक्रामक रणनीति तैयार कर की है.**

विशेष रूप से कांग्रेस ने वंदेमातरम के गायन और 33 फीसदी महिला आरक्षण को लेकर जिस तरह का रवैया दिखाया है, उस मामले में भाजपा के तेवर तीखे रहेंगे. इन दोनों ही मामलों में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया जा सकता है. वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिस तरह मनु स्मृति को लेकर बयान देकर हिंदुत्व को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है, उसे लेकर भी भाजपा राहुल गांधी को निशाने पर ले सकती है.

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक 30 और 31 अगस्त को ओरछा में होगी. 30 अगस्त से शुरू होने वाले कार्यसमिति की बैठक में 300 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, जिसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. राजा राम की नगरी में होने वाली भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ऐसे समय हो रही है, जब अयोध्या के राम मंदिर में दान की चारी के मामले को लेकर विपक्षी दलों ने भाजपा को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है. हांलाकि अयोध्या में ट्रस्ट गठित है, जो कि मंदिर की गतिविधियों के संचालन के लिए जिम्मेदार है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस ने इसे भाजपा से जोड़ा और चंदा चोरी का पूरा ठीकरा भाजपा पर फोड़ने की कोशिश की, उससे भाजपा को कई बार बैकपुट पर आकर सफाई देने की भी नौबत आई, लेकिन अब भाजपा जैसे को तैसा के तर्ज पर विपक्ष पर पलटवार की रणनीति पर काम कर रही है. इसकी झलक दो दिवसीय बैठक में दिखाई देगी.

> **अजा-जजा के साथ युवा वर्ग में पैठ बनाने की रणनीति**
> दो दिनी कार्यसमिति की बैठक में अजा और जजा वर्ग में पैठ बनाने की रणनीति भी तैयार की जाएगी. अजा वर्ग को साधने के लिए समरसता यात्रा पहले ही चल रही है, जजा वर्ग को साधने के लिए राज्य सरकार पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन करने वाले राज्यों में मप्र का नाम भी प्रमुखता से शामिल होने का जिक्र भी करेगी. राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए डिलिवरी सिस्टम को मजबूत करने में सरकार के साथ संगठन भी कदम से कदम मिलाकर चलने की रणनीति बनाएगी.

> **कांग्रेस को बैकपुट पर धकेलेगी भाजपा**
> मिले संकेतों के मुताबिक भाजपा वंदेमातरम मामले में कांग्रेस के रूख को लेकर निंदा प्रस्ताव पेश कर सकती है. दरअसल कांग्रेस के दिल्ली स्थित मुख्यालय में 15 अगस्त को झंडावंदन के दौरान वंदेमातरम के गायन को लेकर वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कथित रूप से श्रीमती सोनिया गांधी वंदेमातरम के पूरा गायन पर असहज होकर आपत्ति जता रही हैं, पहले तो कहा गया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए कुर्सी मंगा रही थी. कांग्रेस ने 1937 के अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के तहत वंदेमातरम का केवल दो छंद गाने का ही निर्णय लिया था.

सिंगरौली के सरई स्टेशन का मामला, प्लेटफार्म खाली कराने के निर्देश

# अदाणी ग्रुप का कोयला प्लेटफार्म पर डंप



नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 26 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट ने सिंगरौली जिले के सरई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-एक पर अदाणी समूह की कंपनी एसीसी लिमिटेड द्वारा कोयला लोडिंग-अनलोडिंग के मामले को सख्ती से लिया. एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने पश्चिम मध्य रेलवे को प्लेटफार्म खाली कराने के अंतरिम निर्देश दिए हैं.**

यह जनहित याचिका सरई के ग्राम शिवगढ़ निवासी अधिवक्ता विनय जायसवाल की ओर से दायर की गई है. जिसमें आरोप है कि यात्रियों के लिए निर्धारित प्लेटफार्म का इस्तेमाल करीब तीन वर्षों से कोयला लोडिंग-अनलोडिंग के लिए किया जा रहा है, जबकि शुरुआत में अनुमति केवल तीन महीने के लिए दी गई थी. याचिका में कहा गया कि कोयले की धूल, कालिख और मलबे से यात्रियों के साथ आसपास के नागरिकों को भी परेशानी हो रही है. रेलवे की ओर से एडिशनल सालिसिटर जनरल सुनील कुमार जैन ने जवाब पेश किया. रेलवे ने बताया कि सरई ग्राम स्टेशन पर प्रतिदिन करीब 741 यात्री आते हैं.

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एसके कश्यप ने रेलवे के जवाब का हवाला देते हुए बताया कि यात्रियों से रेलवे को करीब 16.46 लाख रुपये, जबकि कोयला लोडिंग-अनलोडिंग से करीब 26.48 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है. मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये.